कोयतुरो की बुलन्द आवाज

# कोयतुर टाइम्स

सुविचार -

"हार मत मानो, जीत तुम्हारे ही कदमों में है।"

शनिवार 17 जनवरी 2025 RNI: UDYAM-CG-11-0005844 www.koyturtimes.com

# मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार के लिए राज्य सरकार सजग: वित्त मंत्री श्री चौधरी




रायपुर: छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाने में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार के लिए राज्य सरकार सजग है और पिछड़े एवं दूरस्थ इलाकों में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने आज राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में बैंकिंग सिस्टम रीढ़ की तरह है। बिना बैंकिंग सुविधा का विकास किए बिना हम प्रदेश का विकास नहीं कर सकते इसलिए हमें तेजी से बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार करना होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ डीबीटी के मामले में देश में अग्रणी राज्य है। राज्य में पहले की अपेक्षा में बैंकिंग सेवाओं का विस्तार हुआ है, लेकिन अभी और विस्तार की गूंजाईश है। उन्होंने बताया कि राज्य का सीडी रेसियो राष्ट्रीय स्तर से बेहतर है और छत्तीसगढ़ देश में तीसरा सर्वाधिक सीडी रेसियो वाला राज्य है। लेकिन कुछ जिलों का सीडी अनुपात कम है, इसे बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को खरीफ के साथ-साथ रबी, उद्यानिकी, मत्स्यपालन और पशुपालन के लिए भी पर्याप्त मात्रा में ऋण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख से अधिक आवास निर्माण का वृहद अभियान चलाया जा रहा है। पीएम आवास के लाभार्थियों को यदि बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाता है तो लाभार्थियों के लिए व्यवस्थित और सुविधायुक्त आवास बनाने में आसानी होगी। इससे राज्य में रोजगार के अवसरों के साथ-साथ आर्थिक क्रियाकलापों में भी बढ़ोतरी होगी। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नवा रायपुर में बैंकों के रीजनल और हेड ऑफिस प्रारंभ करने के लिए हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि नया रायपुर में रीजनल और हेड ऑफिस बनाने के लिए सरकार द्वारा जमीन आवंटन प्राथमिकता से किया जाएगा। उन्होंने बैंक अधिकारियों को कहा कि छत्तीसगढ़ के पिछड़े और दूरस्थ इलाकों में बैंक शाखाएं प्रारंभ करने पर इन शाखाओं को सरकारी योजनाओं की डिपॉजिट दिलाने की पहल की जाएगी। समीक्षा बैठक को अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री मनोज पिंगुआ, प्रमुख सचिव सुश्री निहारिका बारिक सिंह, प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा, एसबीआई के उप प्रबंधक निदेशक श्री सुरेन्दर राणा, सीजीएम नाबार्ड श्री ज्ञानेंद्र मणि, श्रीमती शीतल एस वर्मा डीआईएफ छत्तीसगढ़ सहित अनेक बैंक अधिकारियों ने संबोधित किया। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार, वित्त सचिव मुकेश कुमार बंसल सहित विभिन्न विभागों के सचिव, आयुक्त, संचालक स्तर के अधिकारी और बैंकर्स उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस तथा महात्मा गांधी निर्माण दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित




जगदलपुर: राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री हरिस एस द्वारा 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस तथा 30 जनवरी 2025 को महात्मा गांधी निर्माण दिवस के अवसर पर बस्तर जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें अर्थात देशी मदिरा सीएस-2 (घघ) और विदेशी मदिरा एफएल-1 (घघ), एफएल-3 (होटल-बार), एफएल-7 (सैनिक कैंटीन) एवं मद्य भंडागार जगदलपुर और भांग-भांगघोटा जगदलपुर को 26 जनवरी रविवार तथा 30 जनवरी गुरूवार को पूर्णतः बन्द रखे जाने आदेशित किया गया है और उक्त दोनों दिवस मदिरा विक्रय एवं भांग-भांगघोटा विक्रय हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त आदेश के परिप्रेक्ष्य में नियत दिवस पर न तो मदिरा एवं भांग-भांगघोटा का विक्रय होने पाए और न ही किसी भी प्रकार से मदिरा एवं भांग-भांगघोटा का संव्यहार हो सके, इस हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। इस आदेश का कड़ाई से परिपालन कराये जाने के निर्देश सर्व सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

## राज्यपाल ने डॉ. रवि रत्न सक्सेना को किया उद्यानिकी विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त

संवाददाता | रायपुर

रायपुर: राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री रमेन डेका ने डॉ. रवि रत्न सक्सेना को महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय पाटन जिला दुर्ग का कुलपति नियुक्त किया है। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री डेका ने विश्वविद्यालय अधिनियम 2019 की धारा 14(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए डॉ. रवि रत्न सक्सेना प्रोफेसर और एसोसिएट निदेशक (अनुसंधान), अनुसंधान सेवा निदेशालय इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर को महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय पाटन जिला दुर्ग का कुलपति नियुक्त किया है।

## अवैध रूप से पाए जाने पर 7.20 लिटर विदेशी मदिरा जप्त

संवाददाता | रायपुर

आबकारी वृत्त पेंड्रा की टीम द्वारा रात्रि गस्त के द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर मरवाही जनपद के ग्राम मेढ़का के बुधराम सिंह गोंड़ के आधिपत्य में केवल मध्य प्रदेश राज्य में विक्रय हेतु वैध विदेशी मदिरा कुल 40 नग मात्रा 7.20 बल्क लिटर मदिरा बरामद किया गया। जप्त मदिरा में ब्लूचिप व्हिस्की, ओल्ड मॉन्क रम, मैकडॉवेल दव 01 रम एवं गोवा व्हिस्की शामिल है, जो केवल मध्यप्रदेश में विक्रय हेतु वैध है। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर 15 जनवरी बुधवार को न्यायिक रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया है। जप्ती की कार्रवाई आबकारी उप निरीक्षक तुलेश कुमार देशलहरे, मुख्य आरक्षक प्रकाश सिंह, सुधीर मिश्रा एवम् आबकारी आरक्षक इंद्रभान राठौर, शुभम रजक द्वारा की गई।

**ब्रेकिंग न्यूज** निषाद सामाजिक भवन आहाता निर्माण के लिए 5 लाख दिए

# निःस्वार्थ कर्म से ही जीवन सफल होगा: राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा

रायपुर: राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा तिल्दा विकासखंड के ग्राम सगुनी में निषाद समाज द्वारा आयोजित गुहाराम निषाद जयंती में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने राम भक्त गुहा राज को नमन करते हुए कहा कि निःस्वार्थ कर्म ही जीवन को सद्गति दिला सकता है। रामायण के पात्र निषाद राज, शबरी, जटायु आदि के कार्यों से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने सगुनी के निषाद समाज भवन के आहाता निर्माण के लिए 5 लाख रुपए तथा खैरखूँट निषाद समाज भवन में शौचालय निर्माण के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा की। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि राम के चरित्र को जीवन के सभी रुपों में देखा जा सकता है। भगवान श्रीराम ने मानव जीवन मे अनेक कार्यों से समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत किया है। उनके आदर्शों को कोई भी आत्मसात कर समाज और जीवन को अच्छा बना सकता है। सफल जीवन के लिए निःस्वार्थ कर्म महत्वपूर्ण है। राम के भक्त और सेवक गुहा राज निःस्वार्थ कर्म करने के प्रेरणा स्त्रोत है। आज के समय मे मानवता की सेवा ही परम धर्म है।



उन्होंने नव जीवन मे प्रवेश करने वाले वर-वधु को आशीर्वाद देने के साथ-साथ प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में निषाद समाज के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रयागराज महाकुंभ में छत्तीसगढ़ पवेलियन



रायपुर: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रयागराज महाकुंभ में राज्य के स्थानीय लोगों के लिए छत्तीसगढ़ पवेलियन पूरी तरह से तैयार है। राज्य के लोगों को प्रयागराज में भी अपनेपन का अहसास मिले इसलिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने यहां स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देते हुए लोगों के निःशुल्क ठहरने और भोजन करने भी व्यवस्था की है। छत्तीसगढ़ के जो भी श्रद्धालु महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाना चाहते हैं उनके लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। छत्तीसगढ़ पवेलियन महाकुंभ मेला के सेक्टर 6 में स्थित है। यह ठीक बघाड़ा थाना मेला के पास स्थित है जहां आने के लिए लक्ष्मी द्वार से प्रवेश करना है। यहां से निकटतम रेलवे स्टेशन प्रयाग है। सड़क अथवा हवाई मार्ग से आने वाले श्रद्धालु इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के रास्ते दारागंज होते हुए पुराना लोहे का यमुना ब्रिज क्रॉस करके यहां पहुंच सकते हैं।

## घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग पर खाद्य विभाग की कार्यवाही



महासमुंद: कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खाद्य विभाग की संयुक्त जांच दल द्वारा बुधवार को विकासखंड बसना अंतर्गत ग्राम अंसुला में पिलानिया स्टोर्स की जांच की गई। जांच में पिलानिया स्टोर्स के संचालक श्री राजकुमार अग्रवाल द्वारा अपने किराना स्टोर में घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध रूप से भण्डारण किये जाने के कारण द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय व वितरण विनियमन) आदेश 2000 का उल्लंघन किये जाने के कारण 47 नग घरेलू गैस सिलेंडर, जिसमें से 14.2 किग्रा. का 43 नग भरे हुए एवं 2 नग खाली तथा 5 किग्रा. के 2 नग खाली सिलेंडर की जप्ती की कार्यवाही की गई तथा उक्त घरेलू गैस सिलेंडर को गैस एजेंसी पिथौरा की सुपुर्दगी में दिया गया है। इसी प्रकार एक अन्य जांच में खाद्य एवं आबकारी विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा विकासखंड बसना अंतर्गत अंतरा परिसरार अंसुला नाला, ग्राम पंचायत अंसुला में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डरों का महुआ शराब बनाने में उपयोग करते हुए पाया गया। मौके पर 7 नग घरेलू गैस सिलेंडर, जिसमें 1 नग भरा हुआ, 1 नग खाली, 5 नग आधा भरा हुआ, 5 नग रेगुलेटर, 5 नग एकल बर्नर चूल्हा, 4 हॉस पाईप तथा 9 नग गंजा बर्तन जप्त किया गया। जप्त गैस सिलेंडर को गैस एजेंसी पिथौरा की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त जांच एवं जप्ती की कार्यवाही श्री हरीश सोनेश्वरी, सहायक खाद्य अधिकारी, अनुविभाग-सरायपाली, श्री अविनाश दुबे, खाद्य निरीक्षक, विकासखंड-सरायपाली तथा श्री विवेक कुमार, खाद्य निरीक्षक, विकासखंड पिथौरा एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा किया गया।

## बैंकर्स की बैठक में एनआरएलएम के अंतर्गत अधिकाधिक महिला समूहों को लाभान्वित करने पर बल

संवाददाता | जगदलपुर

कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बस्तर श्री प्रतीकजैनकीअध्यक्षतामेंबुधवारको जिला पंचायत सभागार में जिले के सभीबैंकर्सकीबैठकमेंराष्ट्रीयग्रामीण आजीविकामिशनकेअंतर्गतज्यादा सेज्यादा महिला स्व सहायता समूहों को आजीविका मूलक गतिविधियां संचालित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए गए। वहीं शासन की अन्य स्वरोजगार योजनाओं में प्राप्त प्रकरणोंपरशीघ्रस्वीकृतिदेनेसहित सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए गए। इस दिशा में बैंकर्स तथा विभागीय अधिकारियों को बैंकों में प्रेषित प्रकरणों की स्वीकृति एवं वितरण के लिए समन्वय सुनिश्चित किए जाने कहा गया। बैठक में आजीविका गतिविधियों, एनआरएलएम योजना के विभिन्न पहलुओं जैसे बैंक लिंकेज, उद्यमिता वित्त, एनपीए, ड्यूल ऑथेंटिकेशन, बैंक मित्र, बीमा सखी, बीसी सखी आदिकीप्रगतिपरविस्तृतसमीक्षाकी गई। साथ ही उपरोक्त सभी कार्यों में 15दिवसकेभीतरअद्यतनप्रगतिलाए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही रबी फसल सीजन के लिए किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश बैंकर्स को दिए गए। बैठक के दौरान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सहित राष्ट्रीयकृतबैंकोंएवंनिजीक्षेत्रकेबैंकों के प्रतिनिधी तथा कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन,जिलाव्यापारएवंउद्योग केन्द्र,अंत्यावसायीसहकारीविकास समिति,खादीएवंग्रामोद्योगविभागों केअधिकारीमौजूदरहे।

## पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 23 मार्च को

Koytur times




जगदलपुर: पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना (यथा संशोधित 2021) अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 23 मार्च 2025 (दिन रविवार) दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति के ग्रामीण प्रतिभावान छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना और नई सोच के साथ बेहतर कैरियर चयन का अवसर प्रदान करते हुए प्रतिस्पर्धा बनाना तथा बर्हिमुखी व्यक्तित्व विकास के लिए अवसर प्रदान करना है। इसके अंतर्गत छ.ग. राज्य के अंतर्गत चयनित उत्कृष्ट प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश कराया जाता है, एवं शाला का पूर्ण शुल्क शासन द्वारा वहन किया जाता है। योजनान्तर्गत कक्षा 12 वीं तक अध्ययन की सुविधा होती है। योजना के तहत छात्रों के चयन का मापदण्ड-पात्रता शर्तें-विद्यार्थी छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो,विद्यार्थी छत्तीसगढ़ राज्य में मान्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो। इस हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्थाई जाति प्रमाण धारक हो। विद्यार्थी छत्तीसगढ़ में संचालित किसी मान्यता प्राप्त संस्था में कक्षा 5वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत हो तथा कक्षा 4थीं की परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थी चयन परीक्षा में शामील होने के पात्र होंगे।पिता-पालक की आय समस्त स्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक न हो। निर्धारित प्रपत्र में पालक का स्वघोषणा पत्र होना चाहिए।योजना अंतर्गत विद्यार्थियों का चयन पूर्णतः ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनपरत विद्यार्थियों से किया जायेगा, अर्थात ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों से कक्षा 4थीं उत्तीर्ण करने वाले छात्र ही योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगे।

### नगर पालिका तथा नगर निगम क्षेत्र में स्थित

नगर पालिका तथा नगर निगम क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी योजना का लाभ लेने हेतु पात्र नहीं होंगे। योजना अंतर्गत सीट का निर्धारण- राज्य अंतर्गत छात्र-छात्रा जिस जिले का मूल निवासी हो (सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर से जारी निवास प्रमाण पत्र के आधार पर) उसी जिले में आवेदन करने की पात्रता होगी मूल निवास जिले से भिन्न जिले में किये गये आवेदन स्वीकार्य योग्य नहीं होगा। कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु - कक्षा 5वीं के स्तर का विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, हिन्दी एवं पर्यावरण पर आधारित 100 ऑब्जेक्टिव टाइप प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक खंड में 20-20 अंक के प्रश्न रहेंगे,इस हेतु 120 मिनट का समय होगा।प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका एक है,अतः छात्र उत्तर पुस्तिका में उत्तर भरकर-अंकित कर उत्तर पुस्तिका परीक्षक को वापस करेंगें।

### आवेदन कैसे भरें-

निर्धारित आवेदन पत्र में विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे। विद्यार्थी द्वारा आवेदन पत्र शाला में जमा करने की अंतिम तिथि 14 फरवरी 2025 (दिन शुक्रवार) संध्या 05 बजे तक, शाला प्रमुख द्वारा विद्यार्थी के आवेदन का परीक्षण एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को अग्रेषण दिनांक 20 फरवरी 2025 (दिन गुरुवार) विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा समस्त आवेदन पत्रों की सूची तैयार कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में कार्यालयीन समय में 25 फरवरी 2025 तक जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र का अग्रेषण शाला प्रमुख द्वारा किया जाएगा। शाला प्रमुख द्वारा आवेदन के अग्रेषण के पूर्व यह सुनिश्चित किया जाएगा कि विद्यार्थी समस्त योग्यता यथा शैक्षणिक योग्यता, स्थाई जाति, निवास एवं आय संबंधी शर्ते पूर्ण करता है। अधूरे आवेदन स्वीकार्य योग्य नहीं है।समस्त आवेदन पत्र विद्यालय में 14 फरवरी (दिन शुक्रवार) को संध्या 5 बजे तक जमा किये जा सकेंगे।

## कलेक्टर श्री विनय लंगेह ने कृषि और पी डब्ल्यू डी कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



महासमुन्द: कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने सुबह ठीक 10 बजे कृषि विभाग़ पहुंचकर कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने उपस्थिति पंजी मंगाकर खुद कर्मचारियों की हाजिरी ली और अनुपस्थित कर्मचारी योगेन्द्र वर्मा को नोटिस देने के निर्देश दिए। इस दौरान कृषि उपसंचालक एफ आर कश्यप और अन्य कर्मचारी मौजूद थे। कृषि उपसंचालक ने बताया कि निर्देशानुसार सभी अधिकारी कर्मचारी को समय पर कार्यालय आने के निर्देश दिए गए है जिसका पालन किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक भी मौजूद थे। तत्पश्चात कलेक्टर श्री लंगेह ने लोक निर्माण विभाग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालयों में उपस्थिति, कार्यप्रणाली और जनसेवा से जुड़े कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान यहां कार्यालयीन समय में 6 कर्मचारी समय पर अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए, जिनमें लोचन दास, पोषण ध्रुव, अंजली सोनवानी, अमित कुर्रे और ज्ञानेश ठाकुर, हेमलाल कोसरे शामिल है। कलेक्टर ने दैनिक उपस्थिति पंजी लेकर स्वयं हाजिरी ली अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस देने और एक दिन का वेतन काटने के निर्देश कार्यपालन अभियंता श्री चंद्राकर को दिए हैं। उन्होंने सभी कर्मचारियों को दैनिक उपस्थिति पंजी में आते ही हस्ताक्षर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप समय पर कार्यालय पर पहुंचे और जनता को आवश्यक सेवाएं सुलभता से प्रदान करें। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यकतानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पूर्व भी कलेक्टर द्वारा एनआईसी, अपर कलेक्टर, चिप्स, निर्वाचन शाखा, स्थापना शाखा, कोषालय, खाद्य, भू-अधीक्षक, आदिवासी, आबकारी, खनिज सहित कलेक्ट्रेट के सभी शाखाओं का निरीक्षण कर उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया गया था। जिसमें अनेक अधिकारी कर्मचारी को नोटिस दिया गया था।

## रायपुर में अवैध रेत परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई



रायपुर: कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन और उप संचालक खनिज के निर्देशानुसार बीती रात अवैध रेत परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। खनिज विभाग की टीम ने सुपरवाइजर सुनीलदत्त शर्मा के नेतृत्व में अभियान चलाकर 12 हाईवा रेत को जब्त किया गया। यह कार्रवाई रायपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में की गई, जिसमें उपरवारा, नयापारा, अभनपुर और खरोरा शामिल हैं। जब्त हाईवा वाहनों को संबंधित थानों में सुपुर्द किया गया है। खनिज विभाग की टीम ने रायपुर के विभिन्न मार्गों पर चल रहे जांच अभियान के दौरान यह कार्रवाई की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ऐसी कार्रवाई निरंतर की जाए, ताकि अवैध खनन और परिवहन पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

**ब्रेकिंग न्यूज** जल जीवन मिशन अंतर्गत शुद्ध पेयजल प्रदाय

## जल जीवन मिशन के तहत नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम मांडरादरहा और डब्बीपानी में मनाया गया हर घर जल उत्सव




उत्तर बस्तर कांकेर जिले में मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जल जीवन मिशन के तहत हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में बड़े पैमाने पर प्रयास किए जा रहे हैं। इस मिशन के अंतर्गत नरहरपुर विकासखंड के ग्राम मांडरादरहा और डब्बीपानी में विशेष आयोजन के तहत "हर घर नल-जल उत्सव" मनाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य न केवल शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना था, बल्कि ग्रामवासियों को जल संरक्षण, स्वच्छता और संसाधनों के उचित उपयोग के प्रति जागरूक करना भी था। जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि हर घर तक पहुंचने वाला पानी स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित और शुद्ध हो। इस कार्यक्रम में जिला समन्वयक ने ग्रामवासियों को जल जीवन मिशन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत हर घर तक नल कनेक्शन के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केवल योजना का लाभ लेना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसे सतत रूप से क्रियान्वित और संरक्षित रखना भी जरूरी है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर संचालन, संधारण और प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाने की आवश्यकता है। उन्होंने पाइपलाइन, पानी की टंकी और घरेलू नल कनेक्शनों के रखरखाव की जानकारी दी। इसके साथ ही, उन्होंने ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, जल बहिनियों, पंप ऑपरेटरों, प्लंबर और हेल्परों को उनके कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया, ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रह सके।इस आयोजन का एक अन्य महत्वपूर्ण उद्देश्य जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। जिला समन्वयक ने बताया कि जल जीवन मिशन केवल पानी की आपूर्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके तहत जल संसाधनों का संरक्षण और उनका कुशल उपयोग भी प्राथमिकता है। किचन, गार्डन और अन्य घरेलू कार्यों में पानी के विवेकपूर्ण उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, पानी के रिसाव को रोकने और जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने के उपाय भी समझाए गए।

### स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई

उन्होंने इसे अपनी जिम्मेदारियों को समझने और उन्हें निभाने का एक अवसर माना। कई ग्रामीणों ने जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने यह भी कहा कि अब वे पानी का दुरुपयोग नहीं करेंगे और इसे संरक्षित करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे ।इस आयोजन में जल जीवन मिशन के तहत चल रही गतिविधियों का निरीक्षण भी किया गया। पाइपलाइन, टंकी, और नल कनेक्शनों की स्थिति का जायजा लिया गया और जहां भी आवश्यक हुआ, वहां सुधार के सुझाव दिए गए। जल बहिनियों और अन्य कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई कि पानी की आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न आए। इसके अलावा, जल परीक्षण के माध्यम से पानी की गुणवत्ता की जांच की गई और इसे ग्रामीणों के लिए सुरक्षित घोषित किया गया। इस कार्यक्रम ने ग्रामीणों को पानी के महत्व और इसके सही उपयोग के प्रति जागरूक करने का काम किया। ग्रामवासियों को यह समझाया गया कि यदि हम आज पानी को संरक्षित करने के लिए कदम नहीं उठाते हैं ।

### जल संरक्षण के विभिन्न उपाय

जल संरक्षण के विभिन्न उपायों जैसे वर्षा जल संचयन, पानी के पुन: उपयोग और जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने पर चर्चा की गई। ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य केवल वर्तमान में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी जल संसाधनों को संरक्षित करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना आवश्यक है। ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को योजना के संचालन और प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहें। इस कार्यक्रम के दौरान जल बहिनियों, पंप ऑपरेटरों और अन्य कर्मचारियों ने अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को लेकर जागरूकता दिखाई। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया कि जल स्रोतों की देखभाल और पानी की आपूर्ति में कोई कमी न हो। ग्रामीणों ने भी इस मिशन को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग देने का वादा किया।

## आयुक्त ने यात्री प्रतिक्षालय, सुलभ शौचालय, गौठान सहित अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**आजादी के 75 वर्षों बाद यह पहली बार बदलाव हुआ**



एमसीबी छत्तीसगढ़

राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं प्रशासन नगर निगम चिरमिरी डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन में प्रतिदिन की भांति गुरुवार की सुबह भी नगर निगम चिरमिरी के आयुक्त रामप्रसाद आचला अपने नगर निगम टीम के साथ गुरुवार की सुबह शहर के यात्री प्रतीक्षालय सुलभ शौचालय गौठान सहित अन्य सुविधाओं का मुआयना किया। आयुक्त आचला ने वार्ड क्रमांक 05 गोकुल नगर के एसएलआरएम सेंटर, यात्री प्रतीक्षालय, गौठान सहित सुलभ शौचालय का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान शौचालय के स्नानागार सुलभ शौचालय में उपस्थित कर्मचारियों को समझाइस दी गयी। आयुक्त ने कहा कि शौचालय परिषद के अंदर कूड़ा कचरा और गंदगी का अंबार नहीं होना चाहिए, शौचालय में सफ़ाई होने से आमजनों को सुविधा प्राप्त होगी। इससे स्थानीय जनों एवं राहगीरों को भी सुलभ शौचालय में शौच के लिए सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम की राशि से सुलभ शौचालय को चुस्त दुरुस्त कर बेहतर किया जाएगा। वही यात्री प्रतीक्षालय को भी बेहतर किया जाएगा। जिससे दूर-दराज से आने-जाने वाले यात्रियों को ठहरने एवं बैठने सहित अन्य सुविधाए बहाल की जाएगी। गोकुल नगर के एसएलआरएम सेंटर गौठान का भी निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान स्वच्छता प्रभारी उमेश तिवारी, सहायक अभियंता विजय बधावन, जिला समन्वयक (पीआईयू) प्रवीण सिंह मौजूद रहे।




# छत्तीसगढ़ में किसानों की आय बढ़ने का लाभ ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री सहित पूरी अर्थव्यवस्था को : मुख्यमंत्री श्री साय

Koytur times

रायपुर: अविभाजित मध्यप्रदेश में मुझे दो बार विधायक रहने का मौका मिला, इस दौरान मैंने 8 साल की विधायकी मोटरसाइकिल में की। लोगों से मिलना, उनकी समस्याओं को सुनना, अपने विधानसभा क्षेत्र का दौरा सब कुछ मोटरसाइकिल में ही किया। तब से अब तक बहुत परिवर्तन हो गया है। छत्तीसगढ़ में किसानों की आय बढ़ने का लाभ ऑटोमोबाइल उद्योग सहित पूरी अर्थव्यवस्था को मिल रहा है। इसका असर हर क्षेत्र में दिख रहा है। राज्य में ऑटो सेक्टर भी तेजी से बढ़ रहा है। आज यातायात के साधनों की संख्या बहुत बढ़ गई है। इसलिए सुरक्षित यातायात के लिए सड़क पर वाहन चलाते हुए ट्रैफिक नियमों का पालन करना आवश्यक है। यातायात नियमों की जानकारी हम सभी को होनी चाहिए। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के साइंस कालेज ग्राउण्ड में आयोजित राडा ऑटो एक्सपो 2025 का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने ऑटो एक्सपो 2025 के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले साल ऑटो एक्सपो में 10 हजार से ज्यादा वाहन बिके थे।

इस साल भी वाहनों के लाईफ टाईम रोड टैक्स पर एकमुश्त 50 प्रतिशत की छूट दिए जाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। इस निर्णय के बाद मुझे लगता है ऑटो एक्सपो में वाहनों की बिक्री का आंकड़ा 20 हजार तक पहुंच जाएगा। मुख्यमंत्री ने एक्सपो ने आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि ऑटो एक्सपो के आयोजन में हर तरह की जरूरतों की अलग-अलग श्रेणियों के वाहनों को एक जगह पर खरीदा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश में अन्नदाताओं को धान का सबसे ज्यादा दाम मिल रहा है। इसका असर हर क्षेत्र में दिख रहा है। राज्य में ऑटो सेक्टर भी तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल 24 लाख 72 हजार किसानों ने 145 लाख मीट्रिक टन धान का विक्रय किया था। इस वर्ष यह आंकड़ा भी रिकॉर्ड पार कर जाएगा। इस साल 27 लाख से ज्यादा पंजीकृत किसानो से लगभग 160 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन संभावित है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि एक समय था जब छत्तीसगढ़ को आर्थिक रूप से पिछड़ा राज्य माना जाता था। आज अपनी 25 वर्ष की यात्रा में छत्तीसगढ़ अपने पैरों पर खड़ा है। 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर किसानों से धान की खरीदी छत्तीसगढ़ सरकार कर रही है। किसान के घर में खुशहाली आने से सभी की प्रगति होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की पहल पर सड़कों का जाल छत्तीसगढ़ में बिछाया जा रहा है। बहुत तेजी से छत्तीसगढ़ में सड़कों का निर्माण हो रहा है। दूसरी ओर एक्सीडेंट्स भी बढ़ रहे हैं, इसे रोकना हम सभी के लिए जरुरी है। हमें सड़क पर चलते वक्त सभी नियमों का पालन और सुरक्षा के उपाय जरुर अपनाने चाहिए। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि ऑटोमोबाइल कनेक्टिविटी का सबसे अहम जरिया हैं। छत्तीसगढ़ में किसानों के खाते में सीधे पैसा आने से छत्तीसगढ़ में ऑटोसेक्टर बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 50 प्रतिशत रोड टैक्स में लाइफटाइम की छूट का लाभ बड़ी संख्या में मध्यमवर्गीय परिवारों को मिलेगा। वाहनों की बिक्री के साथ जीवन की सुरक्षा भी बहुत जरूरी है। लोगों को जागरूक कर के ही हम सड़क सुरक्षा को लागू कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने ऑटो एक्सपो में होंडा एसपी 125 और ऑडीक्यु 7 वाहनों को लांच किया और सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे लोगों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर ऑटो एक्सपो में सड़क सुरक्षा पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर रोड सेफ्टी के लिए रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन द्वारा 5 लाख की राशि सीएसआर के तहत दी गयी। मुख्यमंत्री ने ऑटो एक्सपो के पहले कस्टमर को वाहन की चाबी भी सौंपी। इस अवसर पर विधायक श्री राजेश मूणत,विधायक श्री मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक श्री राजकमल सिंघानिया, परिवहन सचिव श्री एस. प्रकाश, अतिरिक्त परिवहन आयुक्त श्री डी. रविशंकर, राडा के अध्यक्ष श्री रविन्द्र भसीन, छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री अमर परवानी, श्री मनीष राज सिंघानिया सहित राडा के सदस्यगण व आमजन उपस्थित थे।

## हमर राज पार्टी की विशेष बैठक आज उसलापुर में होगा

संवाददाता | बिलासपुर

हमर राज पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, एवं सदस्यों की एक विशेष बैठक का आयोजन आज किया जाएगा। यह बैठक कंवर समाज भवन, उसलापुर में सुबह 11:00 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक का उद्देश्य बिलासपुर जिले के जिला पदाधिकारियों, बिल्हा, मस्तूरी, कोटा और तखतपुर ब्लॉकों के ब्लॉक पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, बूथ एवं जोन सेक्टर के पदाधिकारियों की नियुक्ति एवं मनोनयन है। इसके अलावा बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 और नगरी निकाय चुनाव 2025 से संबंधित महत्वपूर्ण चर्चाएं एवं परिचर्चा की जाएगी। हमर राज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, विनोद नागवंशी जी ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने सभी से शोषण मीडिया के माध्यम से बैठक का प्रचार-प्रसार करने का भी अनुरोध किया है।

# वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करें अवश्य पालन - मुख्यमंत्री श्री साय




रायपुर: प्रदेश में मनाये जा रहे 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने हेलमेट लगाकर बाईक चलाते हुए प्रदेशवासियों को हेलमेट लगाने और यातायात के नियमों के नियमों का पालन करने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज राजधानी रायपुर के रोहणीपुरम गोल चौक पहुँचकर बाईक रैली में हिस्सा लिया। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों के साथ साथ चार पहिया वाहन चालकों से भी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस दौरान श्री साय ने हरी झण्डी दिखाकर भव्य बाईक रैली को रवाना भी किया। रैली के दौरान स्वंयसेवी संस्थाओं ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने से होने वाले फायदों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि मनुष्य का जीवन अत्यंत अनमोल है। मनुष्य के अपने परिवार और समाज के प्रति दायित्व होते हैं, जिनका उनको निर्वहन करना होता है। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने अपने परिवार के लिए अनमोल हैं जिसकी जगह कोई अन्य कभी नहीं ले सकता। इसलिए स्वयं को और अपने परिवार के सदस्यों को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाहन चलाते समय हम सभी को यातायात नियमों का पालन जरूर करना चाहिए। दो पहिया वाहन चलाते समय सिर पर हेलमेट अवश्य ही पहनना चाहिए और कार चलाते समय सीट बेल्ट भी लगाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष हो रही मौतों पर चिंता जताते हुए इसे देश व राज्य की क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटनाएं यातायात के नियमों का पालन नहीं करने से होती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा सीमित रफ्तार में वाहन चलाने से वाहन पर बेहतर नियंत्रण होने से दुर्घटना होने की संभावना बहुत कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि कभी भी नशे का सेवन कर वाहन नहीं चलाना चाहिए। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को यातायात के नियमों का पालन करने का संदेश दिया ताकि अपने जीवन के साथ-साथ दूसरे लोगों का जीवन भी सुरक्षित रहें और पारिवारिक एवं सामाजिक जिम्मेदारियों का पूरी तरह से निर्वहन किया जा सके। उल्लेखनीय है कि 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है। इसके तहत रायपुर यातायात पुलिस द्वारा लोगों को सुरक्षित वाहन चलाने के लिए जरूरी नियमों के बारे में जानकारी दी जा रही है। रोचक तरीके से सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा की थीम पर बैनर-पोस्टर लगाकर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। पुलिस और प्रशासन ने इस पूरे अभियान के लिए अलग-अलग दिनों पर अलग-अलग जगहों पर विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में वाहन चालकों, स्थानीय नागरिकां और छात्र-छात्राओं के पालकों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री लाल उम्मेद सिंह सहित पुलिस और परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना : बालोद के श्रमिकों को पांच रुपये में मिल रहा भरपेट भोजन



रायपुर: मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ के श्रमिकों के लिए शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत बालोद जिले के बुधवारी बाजार में कैंटिन का संचालन हो रहा है। इस योजना के माध्यम से श्रमिकों को मात्र पांच रुपये में भरपेट स्वादिष्ट और गरम भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। बालोद स्थित सब्जी मंडी परिसर में संचालित इस कैंटिन में श्रमिकों को चावल, दाल, सब्जी, पापड़, सलाद, अचार और रायता परोसा जा रहा है। श्रमिकों के लिए बैठने और खाने की बेहतर व्यवस्था भी की गई है। सप्ताह भर अलग-अलग सब्जी और दाल के साथ तैयार मेन्यू के अनुसार भोजन परोसा जाएगा। इस योजना का लाभ पंजीकृत श्रमिक अपने श्रमिक कार्ड दिखाकर उठा सकते हैं। वहीं, जो श्रमिक अभी तक पंजीकृत नहीं हुए हैं, वे कैंटिन में ही अपना श्रम पंजीयन कराकर इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। मुख्यमंत्री की श्रमिकों के प्रति संवेदनशीलता और उन्हें रियायती दर पर भोजन उपलब्ध कराने के लिए कैंटिन शुरू करने की इस पहल की श्रमिकों ने सराहना की है। श्रमिक जयप्रकाश ने कहा, यह कैंटिन मजदूर वर्ग के लिए बेहद मददगार साबित हो रहा है। अब मजदूर पांच रुपये में गरम और स्वादिष्ट भोजन प्राप्त कर सकते हैं। हरीश कुमार ने कहा, गांव से सब्जी बेचने और खरीदने आने वाले लोगों को अब भोजन के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। यह सुविधा हमारे लिए बहुत लाभकारी है। तरुण साहू ने मुख्यमंत्री की इस पहल की सराहना करते हुए कहा, पहले 15-20 रुपये में स्वल्पाहार मिलता था, लेकिन अब पांच रुपये में भरपेट भोजन करना संभव हो गया है। मुख्यमंत्री जी ने मजदूरों की सेवा का बेहतरीन कार्य किया है।

## राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में प्रतिभागियों ने किया जिले का नाम रौशन



एमसीबी: कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार और खेल अधिकारी गोपाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जिले के प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव-2025 में अपने प्रदर्शन से एक नई पहचान बनाई। यह महोत्सव 12 से 14 जनवरी 2025 तक राजधानी रायपुर के खेल संचालनालय परिसर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस महोत्सव में राज्य भर से हजारों प्रतिभागियों ने अपनी कला, संस्कृति, साहित्य, संगीत और खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

इस युवा महोत्सव में एमसीबी जिले के युवा प्रतिभागियों ने न केवल अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, बल्कि अपने जिले का नाम भी रोशन किया है। कहानी लेखन प्रतियोगिता में मनेन्द्रगढ़ विकासखंड की अदिति अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मानसी अग्रवाल ने द्वितीय स्थान हासिल कर जिले की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। उनकी रचनात्मकता और लेखन शैली ने निर्णायकों को गहराई से प्रभावित किया। इस उपलब्धि के लिए समापन समारोह में छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका ने अदिति अग्रवाल को 5000 रुपये का चेक प्रदान किया। राज्यपाल ने अदिति को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक है। एमसीबी जिले के ही खड़गवां ब्लाक के रहने वाले विवेकजीत लहरे ने एकल लोकगीत प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले की सांस्कृतिक धरोहर को शानदार ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी सुमधुर आवाज और प्रस्तुति शैली ने दर्शकों और निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विवेकजीत की इस उपलब्धि पर भी एमसीबी जिला प्रशासन ने उनकी सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस महोत्सव में एमसीबी जिले के युवा कलाकारों ने केवल प्रतियोगिताओं में भाग लेने तक ही सीमित नहीं रखा, बल्कि कला और संस्कृति के विभिन्न स्वरूपों को प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक समृद्धि को भी उजागर किया। महोत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों में एमसीबी जिले के युवाओं ने सक्रिय भागीदारी की और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। एमसीबी जिले के प्रतिभागियों की सफलता पर जिले के कलेक्टर ने उन्हें बधाई दी और कहा कि उनकी यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह अन्य युवाओं को भी प्रेरित करेगी। वही खेल अधिकारी गोपाल सिंह ने कहा कि यह महोत्सव युवाओं को अपनी कला और कौशल दिखाने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। इस महोत्सव ने न केवल प्रतिभागियों को प्रेरित किया, बल्कि उन्हें छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति को समझने और उससे जुड़ने का अवसर भी दिया। एमसीबी जिले के प्रतिभागियों की इस सफलता से जिले में उत्साह और गर्व का माहौल है।

## पांच सिंचाई योजनाओं के कार्यों के लिए 14.34 करोड़ रूपए स्वीकृत

संवाददाता | रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन ने बस्तर जिले की पांच सिंचाई योजनाओं के विभिन्न कार्यों के लिए 14 करोड़ 34 लाख दो हजार रूपए स्वीकृत किए हैं। स्वीकृत कार्यों में विकासखंड बस्तर के अंतर्गत ग्राम झारतराई के समीप इन्द्रावती नदी के दांयी तट पर तटरक्षण निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 81 लाख 23 हजार, ग्राम बालेंगा के समीप मारकण्डी नदी के बांयी तट पर तटरक्षण निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 81 लाख 23 हजार रूपए भी शामिल है। इसी प्रकार ग्राम गुनपुर के समीप नारंगी नदी पर दांया ओर तटरक्षण कार्य के लिए दो करोड़ 98 लाख 62 हजार रूपए स्वीकृत किए हैं। ग्राम कोटगढ़ मंदिर एनीकट कम, काजवे कोटगढ़ नाला पर निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 98 लाख 71 हजार रूपए और तारागांव जलाशय बांध के ऊपर मिट्टी कार्य, नवीन स्लूस, वेस्ट वियर कार्य एवं नहर लाईनिंग एवं स्ट्रक्चर निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 74 लाख 23 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से सिंचाई योजनाओं के कार्यों को कराने के लिए मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है।

# प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर मनमोहक रकसगंडा वॉटरफॉल



रायपुर: छत्तीसगढ़ राज्य के सूरजपुर जिले का रकसगंडा वॉटरफॉल प्राकृतिक सुंदरता का एक ऐसा अद्भुत उदाहरण है, जो हर किसी को अपने आकर्षण से मोहित कर लेता है। जिला मुख्यालय सूरजपुर से लगभग 120 किलोमीटर की दूरी पर, ओडगी विकासखंड के नवगई गांव में स्थित यह जलप्रपात रेण नदी पर बना हुआ है। यह क्षेत्र मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा से सटा हुआ है, जहां प्रकृति ने अपनी कलात्मक छवि प्रस्तुत की है। रकसगंडा वॉटरफॉल न केवल एक पर्यटन स्थल है, बल्कि यह स्थान प्रकृति प्रेमियों और उन लोगों के लिए आदर्श है, जो अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी से कुछ पल सुकून के तलाश में रहते हैं। घने वनों और जलप्रपात की मधुर ध्वनि के बीच बिताए गए पल हर किसी के लिए यादगार बन जाते हैं। करीब 50 फीट की ऊंचाई से गिरता जल, जब पत्थरों के समूह के बीच से बहता है, तो उसकी कलकल ध्वनि और मनमोहक दृश्य एक अद्वितीय अनुभव कराते हैं। घने जंगलों के बीच स्थित यह वॉटरफॉल न केवल पर्यटकों के लिए एक शानदार पिकनिक स्थल है, बल्कि उनकी आत्मा को शांति और सुकून भी प्रदान करता है। रकसगंडा वॉटरफॉल की खासियत इसके आसपास की अद्भुत भू-आकृति है। यहां विभिन्न संरचनाओं में फैले विशाल पत्थरों का समूह देखने लायक है। इन पत्थरों के बीच से बहती रेण नदी की धारा ऐसा प्रतीत कराती है मानो प्रकृति ने खुद इसे अपनी कलाकारी से सजाया हो। ठंड के मौसम में यह स्थान और भी आकर्षक हो जाता है, जब यहां बड़ी संख्या में पर्यटक पिकनिक मनाने और प्रकृति के करीब समय बिताने पहुंचते हैं। त्यौहारों, छुट्टियों एवं नए साल के अवसर पर रकसगंडा वॉटरफॉल पर्यटकों से गुलजार रहता है। दूर-दूर से लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ यहां के मनोरम दृश्यों का आनंद लेने आते हैं। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और बहते पानी की मधुर ध्वनि हर किसी को सुकून का एहसास कराती है।

# श्रम मंत्री श्री देवांगन ने मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2024 के शिक्षकों का किया सम्मान




रायपुर: उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कोरबा स्थित कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के 58 शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित किया। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षकों के ऊपर विद्यार्थियों का अच्छा भविष्य बनाने की एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। यह एक महत्वपूर्ण विभाग है। शिक्षा से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनता है। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षक की अलग पहचान है। उन्हें गुरु के साथ ही पूज्यनीय माना जाता है। इसलिए शिक्षक अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक माहौल स्थापित करने की दिशा में कार्य करें ताकि विद्यार्थी जिले का नाम रोशन कर सके। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि शिक्षा एक अमूल्य धन है। शिक्षित व्यक्ति कभी गरीब और भूखा नहीं हो सकता। वह अपने ज्ञान से अपना सम्मान और पहचान प्राप्त करता है। मंत्री ने कहा कि जिले में शिक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। यहां के 10 वीं के मेरिट विद्यार्थियों को कोचिंग के लिए रायपुर भेजा गया है। जर्जर स्कूलों और आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत कराई जा रही है। नए भवन बनाये जा रहे हैं और अतिथि शिक्षक, भृत्य की भर्ती कर शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाया जा रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि जिले के कलेक्टर द्वारा भी शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप से अन्य शिक्षक भी प्रेरित होंगे। आप सभी जिले में बेहतर रिजल्ट देने की दिशा में मिल-जुलकर काम करें। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षा तथा देश प्रदेश के विकास में किये जा रहे कार्यों को बताते हुए सभी को बधाई दी। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कहा कि समाज में अभी भी शिक्षकों के प्रति सम्मान है। आप अपने कार्यों और नवाचार से विद्यार्थियों की भविष्य को बेहतर से बेहतर बनाकर अपनी भी पहचान बना सकते हैं। कलेक्टर ने कहा कि अनेक शिक्षक शिक्षा के साथ विद्यार्थियों की अन्य रुचियों को पता लगाकर उन्हें आगे बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने जिले में शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और नए भवन,शिक्षक भर्ती सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराने की जानकारी दी। कलेक्टर ने सम्मानित शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रगति की राह में आगे बढ़ने तथा अन्य शिक्षकों भी प्रेरणा मिलने की बात कही।

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के तहत 2023-24 और 2024-25 के चयनित कुल 58 शिक्षकों को शिक्षा दूत, उत्कृष्ट प्रधानपाठक एवं ज्ञानदीप पुरस्कार से शॉल, श्रीफल तथा राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, सहायक आयुक्त श्रीकांत कसेर, जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी पी उपाध्याय, मनोज पांडेय आदि उपस्थित थे।

## आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय में 2516 बच्चों का स्वर्णप्राशन



रायपुर: बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्तिवर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय, रायपुर में बुधवार को 2516 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। विभिन्न रोगों से रोकथाम एवं इम्युनिटी बढ़ाने के लिए 179 बच्चों को पांच दवाईयों से बने बाल रक्षा किट भी वितरित किए गए। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। स्वर्णप्राशन के साथ ही डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में आयुष विभाग की संचालक सुश्री इफ्फत आरा, प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। महाविद्यालय के कौमारभृत्य विभाग की व्याख्याता डॉ. सत्यवती राठिया तथा स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

# शिक्षा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए जरूरी: राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा



रायपुर: खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा आज तिल्दा के बी.एन.बी. स्कूल में आयोजित शाला वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी है। शिक्षा की डिग्री लेने के साथ-साथ नैतिक, व्यवहारिक तथा खेल भी जरूरी है। विद्यालय को अच्छा बनाने की जिम्मेदारी न केवल शिक्षकों की अपितु विद्यार्थी और पालकों की भी है। शिक्षा के स्तर को ऊंचा करने में सभी की भागीदारी जरूरी है। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत कीजिए बिना वक्त देखकर, वक्त भी इंतजार करेगा मेहनत देखकर। पढ़ाई के साथ ही खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां भी विद्यार्थी जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं। आज के वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तिल्दा क्षेत्र के विभिन्न शालाओं में विकास कार्यों के लिए की गई घोषणाओं में से 57 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है, जिन स्कूलों के लिए राशि जारी हुई है वहाँ अब काम प्रारम्भ कर शीघ्र पूर्ण करने कहा। इस अवसर पर जनप्रतिधिगण, शिक्षक सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और पालकगण उपस्थित थे।



रायपुर: श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन 17 जनवरी शुक्रवार को शाम 4 बजे अपने शंकर नगर स्थित निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा प्रदेश के 75 हजार 543 श्रमिक परिवारों को 28.41 करोड़ की राशि के सामग्री एवं अन्य सहायता राशि का डीबीटी के माध्यम

## प्रदेश के 75543 श्रमिक परिवारों को लगभग 28.41 करोड़ रूपए की सहायता राशि का करेंगे वितरण

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। मंडल द्वारा 42 हजार 071 निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए 5 करोड़ 54 लाख 38 हजार रूपए की राशि के निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी वितरित की जाएगी। इसी तरह 2351 श्रमिकों को मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत 4 करोड़ 70 लाख 20 हजार रूपए, 62 श्रमिकों को मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता 39 लाख रूपए तथा मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक दीर्घायु सहायता योजना के 1 श्रमिक को 20 हजार रूपए की सहायता राशि वितरित करेंगे। इस तरह मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के 210 श्रमिकों को 2 करोड़ 14 लाख रूपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना अंतर्गत 500 श्रमिकों को 59 लाख 24 हजार, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत 3928 श्रमिकों को 7 करोड़ 85 लाख 60 हजार रूपए रूपए की सहायता राशि का भुगतान करेंगे। इसी प्रकार मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना के 1800 श्रमिकों को 62 लाख 26 हजार रूपए की सहायता राशि का भुगतान करेंगे। मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना अंतर्गत 734 श्रमिकों को एक करोड़ 46 लाख 80 हजार, मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना के तहत 1482 श्रमिक परिवारों को 54 लाख 90 हजार रूपए तथा मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के तहत 28

# त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय चुनाव के लिए सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण




कोरिया: जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव 2025 के लिए सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों को चुनाव प्रबंधन और संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर ने बताया कि इस बार नगरीय निकाय चुनाव ईवीएम के माध्यम से और ग्राम पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से संपन्न होंगे। सभी मतदान केंद्रों पर उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, जिसमें प्रकाश, पानी, शौचालय और एंट्री-एग्जिट की सुविधा प्राथमिकता में रहेगी। सोनहत जैसे वन क्षेत्रों में सोलर लाइट की व्यवस्था का सुझाव भी दिया गया। चुनाव से पूर्व मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य होगा। प्रत्येक मतदान केंद्र में अधिकतम 500 मतदाता रहेंगे। व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए स्थानीय सचिव, कोटवार और आंगनबाड़ी सहायिकाओं का सहयोग लिया जाएगा। नेटवर्क की समस्या वाले क्षेत्रों में सूचना आदान-प्रदान के लिए ग्राम रोजगार सहायक को रनर नियुक्त किया जाएगा। कलेक्टर ने ईवीएम संचालन और चुनाव सामग्री की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया और कहा कि मतदान के बाद ईवीएम को तुरंत स्ट्रांग रूम में सुरक्षित जमा करना होगा। साथ ही, मतदान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को मतदान दिवस पर अपनी जिम्मेदारियों जैसे मतदान केंद्रों का निरीक्षण, समस्याओं की त्वरित रिपोर्टिंग और चुनाव सामग्री की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से चुनाव प्रक्रिया को सुचारू और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए तत्पर रहने की अपील की साथ ही उन्होंने सभी सेक्टर प्रभारियों, अधिकारियों को जिम्मेदारी और गम्भीरता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

## मत्स्य संपदा योजना के हितग्राही को मिला चार पहिया वाहन



रायपुर: प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मुंगेली जिले के पथरिया विकासखंड के ग्राम चंद्रगढ़ी के हितग्राही श्री घनश्याम निषाद को चार पहिया पिकअप वाहन प्रदान किया गया। कलेक्टर श्री राहुल देव और पुलिस अधीक्षक श्री भोजराम पटेल ने हितग्राही को वाहन की चाबी सौंपते हुए उन्हें बधाई दी। कलेक्टर ने इस योजना की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना मछली पालन क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस योजना के माध्यम से मछली उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ मछुआरों के कल्याण को भी प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने हितग्राही को चार पहिया वाहन के इस्तेमाल को अपने व्यवसाय में लाभकारी बनाने और अधिक से अधिक आय अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। हितग्राही श्री निषाद ने बताया कि उनका समूह 20 हेक्टेयर क्षेत्र में मछली पालन करता है। वे प्रतिदिन 1 से 2 क्विंटल मछली बाजार में विक्रय के लिए लेकर जाते हैं। इस कार्य में चार पहिया वाहन मिलने से काफी आसानी होगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से उनका सपना था कि उनके पास एक चार पहिया वाहन हो, जिससे व्यवसाय में सहूलियत हो। अब यह सपना सच हो गया है। उन्होंने वाहन के लिए 11 लाख रुपये खर्च किए हैं, जिसमें शासन की ओर से 4 लाख रुपये अनुदान मिला है, इससे किस्तों के भुगतान आसान हो जाएगा। हितग्राही श्री निषाद ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, कलेक्टर और जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब मछली परिवहन और व्यवसाय को और अधिक सुगम बनाने में मदद मिलेगी। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक श्री आलोक श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत हितग्राही को चार लाख रुपये तक की छूट मिलेगी। इस योजना के तहत विभिन्न गतिविधियों के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है, जैसे कि तालाब निर्माण, मत्स्य बीज संवर्धन, कोल्ड स्टोरेज, फिश फीड मील आदि। उन्होंने अन्य पात्र व्यक्तियों से भी इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

## सक्ती जिले का नगरदा वाटरफॉल प्राकृतिक सौन्दर्य और हरियाली से है परिपूर्ण



सक्ती जिले में स्थित नगरदा वाटरफॉल एक बहुत ही सुन्दर जलप्रपात है। इस जलप्रपात की प्राकृतिक सौन्दर्यता को देखकर यहाँ पहुचने वाले लोग इस जगह के कायल हो जाते है । नगरदा वाटरफॉल प्राकृतिक सौन्दर्य और हरियाली से परिपूर्ण है। नगरदा वाटरफॉल छत्तीसगढ़ के सक्ती जिला मुख्यालय से लगभग 22 किलोमीटर दूर नगरदा ग्राम में गुडहा पहाड़ी पर स्थित है। इस झरने के पास एक मंदिर है, जो भगवान शिव को

# विशेष लेख : पीएमश्री योजना से जिले के 10 विद्यालयों की बदली तस्वीर



अम्बिकापुर: राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पीएम श्री योजना के अंतर्गत शालाओं को चिन्हांकित कर मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में पीएमश्री योजना के माध्यम से शैक्षणिक अधोसंरचना एवं शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। योजनांतर्गत चयनित स्कूलों में पहले और अब में बड़ा परिवर्तन आया है, जिससे बच्चों में भी सुंदर वातावरण में पढ़ाई को लेकर नया उत्साह देखने को मिल रहा है। स्कूलों के रंग-रूप में बदलाव के साथ बच्चों के लिए सभी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। वहीं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान और गणित के लिए अत्याधुनिक लैब्स, खेल सुविधाएं, और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। जिले में भी ऐसे 10 विद्यालय हैं, जिनका पीएमश्री योजनांतर्गत चयन किया गया है।

चौथी कक्षा में पढ़ने वाली संतोषी को पढ़ने में आता है अब दुगुना मज़ा

पीएमश्री प्राथमिक शाला नगरपालिका के चौथी कक्षा में पढ़ने वाली संतोषी गुप्ता बताती हैं कि पहले हम सब जमीन में चटाई में बैठकर पढ़ते थे अब बेंच मिल गया है, बहुत अच्छा लगता है। पीने के लिए साफ पानी मिल रहा है, अब शौचालय भी साफ-सुथरा रहता है। स्कूल में अब सबकुछ अच्छा हो गया है। शनिवार को हमें ड्राइंग सिखाया जाता है, उसके साथ ही नई-नई चीजें भी सिखने मिलती है। हमारी रुचि के अनुसार खेलकूद भी सिखाया जा रहा है। हम सब बहुत खुश हैं।

शिक्षा के साथ-साथ अन्य विधाओं का भी दिया जा रहा है प्रशिक्षण-

पीएमश्री प्राथमिक शाला नगरपालिका की प्रधानपाठिका श्रीमती प्रतिभा सिंह ने बताया कि पीएमश्री विद्यालय के रूप में घोषित होने के बाद विद्यालय में सुविधाओं का विस्तार हुआ है। बच्चों के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं, जो कमी थी, वो सब अब दूर हुई हैं। भवन के रंग-रोगन, साफ-सफाई के साथ अन्य कार्य किए गए हैं। व्यवस्था दुरुस्त होने से बच्चों की पढ़ाई के प्रति रूचि भी जगी है। बच्चों के इंटरेस्टेट के अनुसार अन्य एक्टीविटी भी होती है। शनिवार को खेल होता है, ड्रॉइंग, क्राफ्ट का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हमें बहुत खुशी है कि पीएमश्री विद्यालय होने से बच्चों को ये सब सुविधाएं मिल रहीं हैं। पहले स्कूल जाने के लिए मनाना पड़ता था, अब खुद से सुबह-सुबह तैयार हो जाते हैं बच्चे-

अभिभावक अमृता सोनी कहती हैं कि उनके बच्चों का भविष्य अब अच्छा होगा। उन्होंने बताया कि उनके बच्चे यहां कक्षा दूसरी और 6वीं में पढ़ते हैं, बच्चों को स्कूल भेजने के लिए बहुत मनाना पड़ता था। लेकिन अब वे स्वयं सुबह उठकर तैयार हो जाते हैं, उनका मन पढ़ाई-लिखाई में लग गया है। क्योंकि पहले बच्चे दरी में बैठते थे, अब यहां बच्चों के लिए बेंच डेस्क की व्यवस्था है। व्यवस्थाओं के साथ ही शिक्षा के स्तर में भी वृद्धि हुई है, मैं रोजाना पढ़ाए गए विषयों के नोटबुक देखती हूं। यहां पेरेंट्स टीचर मीटिंग का भी आयोजन हो रहा है, जिससे कक्षा में बच्चों के प्रदर्शन, व्यवहार आदि के बारे में बताया जाता है। यह सब पीएमश्री योजना की वजह से ही हो पाया है, इसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देती हूं।


ये स्कूल हैं शामिल-

विकासखण्ड अम्बिकापुर में प्राथमिक शाला जुनापारा एवं प्राथमिक शाला नगरपालिका, विकासखण्ड बतौली में प्राथमिक शाला झरगंवा एवं स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बतौली, विकासखण्ड लखनपुर में प्राथमिक शाला लहपटरा एवं स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लखनपुर, विकासखण्ड लुण्ड्रा में प्राथमिक शाला कर्रा, विकासखण्ड मैनपाट में प्राथमिक शाला हर्रामार, विकासखण्ड सीतापुर में प्राथमिक शाला गेरसा, विकासखण्ड उदयपुर में प्राथमिक शाला सलका शामिल है। यहां 2889 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

# नगर निगम आयुक्त ने स्वच्छता प्रभारियों की बैठक ली

**एमसीबी**

राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन विभाग के मंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार, एवं कलेक्टर व प्रशासक नगर निगम चिरमिरी डी .राहुल वेंकट के मार्गदर्शन में नगर निगम चिरमिरी के कमिश्नर कक्ष में आयुक्त रामप्रसाद आचला



ने स्वच्छता प्रभारी उमेश तिवारी, ज़िला समन्वयक प्रवीण सिंह के साथ नगर के स्वच्छता सुपरवाइजर की बैठक ली। बैठक में आयुक्त ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए, उन्होंने ऑनलाइन सफ़ाई की शिकायतों का भी निदान सफ़ाई अधिकारी व सुपरवाइजर अपने-अपने वार्डों पर जल्द करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। स्वच्छता को लेकर जागरूकता और सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने, शहर में बनाए गए सार्वजनिक शौचालयों की भी साफ़-सफ़ाई व रख रखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। निगम आयुक्त के द्वारा प्रतिदिन साफ़-सफ़ाई की मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने सफाई प्रभारियों को वार्डों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा है।

# वनवासियों को वनोपज का अधिक से अधिक लाभ मिले: वन मंत्री श्री कश्यप



रायपुर: राज्य सरकार द्वारा वनवासियों को वनोपज का अधिक से अधिक लाभ मिले यह सुनिश्चित की जा रही है। जंगल वनवासी बंधुओं के जीवन का आधार है इसका संरक्षण और संवर्धन करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। हमारी सरकार 67 प्रकार के विभिन्न लघु वनोपज की खरीदी कर रही है और इसकी संख्या बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। ताकि वनोपज खरीदी का अधिक से अधिक लाभ वनवासियों का मिल सके। यह बात वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने आज राजधानी स्थित दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के शपथ ग्रहण और अलंकरण समारोह में कही। उन्होंने कहा कि वन अतिक्रमण और तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करने वाले को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमुख मुख्य वनसंरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही.श्रीनिवास राव उपस्थित थे। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने संघ के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष श्री अजीत दुबे सहित संघ के अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। वन मंत्री श्री कश्यप ने 45 उपवनक्षेत्रपाल से वनक्षेत्रपाल के पद पर पदोन्नति अधिकारियों का स्टार अलंकरण कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि वन कर्मी विषम परिस्थितियों में वनों के साथ-साथ वन्यजीवों के संरक्षण और प्रकृति को सहजने का काम कर रहे हैं। वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि राज्य में 687 वर्ग किलोमीटर वनावरण बढ़ा है और भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट (आईएसएफआर) 2023 के अनुसार, छत्तीसगढ़ ने संयुक्त वन एवं वृक्ष आवरण वृद्धि में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए आप सभी को बधाई और शुभकामनाएं। इस अवसर पर एपीसीसीएफ श्री ओपी यादव, सीसीएफ श्रीमती शालिनी रैना, सीसीएफ श्री नावेद शुजाउद्दीन, सीसीएफ श्री राजू आगासिमनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष वन अधिकारी महासंघ श्री सतीश मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ श्री अजीत दुबे सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।